पार करोगे मेरी ये नैया ऐ मेरे श्याम

पार करोगे मेरी ये नैया ऐ मेरे श्याम तुम बांके खिवैया
ऐ मेरे श्याम तू ही सहारा है
बिगड़ी किस्मत को तूने ही संवारा है
ऐ मेरे श्याम.............

साँचा है तेरा नाम बन जाते बिगड़े काम
कोई याद करे है तुझको मिल जाते सारे धाम
हारे का सहारा है श्याम तो हमारा है
तेरी एक दया से चलता बाबा मेरा गुज़ारा है
दीं दुखियों का अपने भक्तों का
मेरे सरकार तू पालनहारा है
ऐ मेरे श्याम.............

सज धज कर बैठा है कलयुग का अवतारी
निर्धन को सेठ बनता हर ले विपदा साड़ी
रींगस में धाम तेरा प्यारा तू श्याम मेरा
मीरा और नरसी ने भी लिया हर पल है नाम तेरा
मस्ती में तेरी मगन ये होकर
झूमे जग सारा नाम ले ले कर
ऐ मेरे श्याम.............

मोरछड़ी हाथों में लीले की असवारी
झोले तू सबकी भरता ऐसा है लखदातारी
प्रिन्सी दीवानी हूँ दासी पुरानी हूँ
आई हूँ तेरे दर पे आँखों में पानी हूँ
नाम तेरा ये द्वार तेरा ये शीश के दानी सबसे प्यारा है
ऐ मेरे श्याम.............

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18240/title/paar-karoge-meri-ye-naiya-eh-mere-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |